## राजस्व प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण होना चाहिए : कलेक्टर

### नवीन तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 8 जून।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने सोमवार को शिवपुरी के नवीन तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने एक-एक कर विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया और शाखा प्रभारी से उनके कार्यों की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान वहां के प्रशासनिक कार्य, राजस्व अपील, स्थानीय निवासी, आय, जाति एवं निवास जैसे लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आने वाले प्रमाण पत्र, भूमि अधिग्रहण, चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं की निगरानी से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आनंद सिंह राजावत, तहसीलदार सिद्धार्थ शर्मा, श्रीमती शिप्रा उपाध्याय, सुश्री कल्पना शर्मा भी मौजूद रहीं।

**फार्मर रजिस्ट्री का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें :** निरीक्षण के दौरान एसडीएम एवं तहसीलदार को फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में भी निर्देश देते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करना है। इसके लिए कैंप का आयोजन करके ग्रामीणों की शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री कराएं।

**राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरण नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण होना चाहिए। अनावश्यक रूप से राजस्व प्रकरण लंबित न रहे। जो विवादित मामले हैं, उनमें गंभीरता से जांच करके निराकरण करें।

## पत्नी की हत्या कर शव जलाने वाला गिरफ्तार

**सीधी.** थाना बहरी अंतर्गत ग्राम दुअरा कला में सडक़ के किनारे एक अज्ञात महिला के अधजले शव के मामले का आज पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में खुलासा करते हुए कहा कि पत्नी की हत्या कर शव जलाने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दिनांक 6 जून 2026 को थाना बहरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुअरा कला में सडक़ किनारे एक अज्ञात महिला का अधजला शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई. सूचना पर थाना बहरी पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची तथा मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई. घटनास्थल से जले-अधजले कपड़ों के टुकड़े, धागे के खोखे, जूट के बोरे के अवशेष एवं अन्य महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य बरामद किए गए.

## 63 लीटर अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 8 जून।** जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भौंती क्षेत्र की खौड़ चौकी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 63 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 35 हजार रुपये आंकी गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के निर्देशानुसार अवैध शराब और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी भौंती घनश्याम भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना भौंती क्षेत्र की खौड़ चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी खौड़ उपनिरीक्षक कुसुम गोयल ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए ग्राम पिपारा मजरा किररुआ निवासी नीरज लोधी (25 वर्ष) को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से दो प्लास्टिक के कट्टों में रखे कुल 7 गत्ते के कार्टून बरामद किए गए। प्रत्येक कार्टून में 50-50 क्वार्टर देशी प्लेन शराब रखी हुई थी। इस प्रकार कुल 350 क्वार्टर अर्थात 63 लीटर अवैध शराब बरामद की गई।

पुलिस ने अवैध शराब को विधिवत जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 182/26 के तहत धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। चौकी प्रभारी खौड़ उपनिरीक्षक कुसुम गोयल, सहायक उपनिरीक्षक मुनेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक प्रदीप गुर्जर, आरक्षक बृजेश महौर तथा सैनिक हनुमंत सिंह, भागीरथ एवं निखिल की विशेष भूमिका रही।

## अग्रसेन विकास परिषद के समर कैंप का समापन

**100 संभागियों ने सीखे हुनर, तलवारबाजी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन**



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 8 जून।** अग्रसेन विकास परिषद समिति द्वारा आयोजित 18 दिवसीय ग्रीष्मकालीन नि:शुल्क शिविर का रविवार को अग्रवाल महासभा भवन में रंगारंग समापन हुआ। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा महाराज अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुई।

समिति की जिला अध्यक्ष दीपा बंसल ने बताया कि 20 मई से शुरू हुए इस अनूठे शिविर में महिलाओं, युवतियों और बच्चों सहित कुल 100 संभागियों ने विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण लिया। समापन के अवसर पर बच्चों और महिलाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य, कला-शिल्प और ड्राइंग प्रदर्शनी के साथ-साथ तलवारबाजी का हैरतअंगेज प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिविर के दौरान आयोजित मेहंदी, ड्राइंग, हेयर स्टाइल और साड़ी ड्रेपिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कारों से नवाजा गया। साथ ही सभी संभागियों और बाहर से आए प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित किए गए।

समारोह में अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र जैन (गोटू), ऋतिक गर्ग, मनीष बंसल, देवेंद्र बंसल और महेश बंसल उपस्थित रहे। मंच संचालन मनिका शर्मा ने किया और आभार दीपा बंसल ने जताया। इस दौरान प्रशिक्षक सुखवीर सर, शीतल बुद्धराजा, पूजा जैन, रिया गुप्ता सहित समिति की पदाधिकारी संगीता जैन, अंजू मित्तल, रीना अग्रवाल व शिल्पी सिंघल मौजूद रहीं।

## अब 20 को होगी वनरक्षक और जेल प्रहरी भर्ती की परीक्षा

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 08 जून. मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल द्वारा वनरक्षक क्षेत्ररक्षक जेल प्रहरी और सहायक जेल अधीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 अब नई तिथि 20 जून को होगी। बता दें मण्डल द्वारा दिनांक 7 जून संचालित होने जा रही थी, जिसे तकनीकी समस्या के कारण स्थगित कर दिया गया था।**

द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजकर 30 मिनट से शाम 4 बजकर 30 मिनट तक आयोजित होने वाली परीक्षा स्थगित होने के कारण विद्यार्थियों में रोष भी है. वहीं मंडल अभ्यर्थियों को परेशानी से बचाने और उनके हित को दृष्टिगत रखते हुए 20 जून को समय फिर से निर्धारित किया है.

### अब प्रथम पाली में दोबारा होगी परीक्षा

बता दें स्थगित की गई इस परीक्षा का पुन: आयोजन प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी मण्डल की आधिकारिक वेबसाइट से अपने नए प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। नये प्रवेश पत्र के साथ ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी.

## डंपर ने स्कूटी सवार को कुचला, एक की मौत

**जबलपुर.** माढ़ोताल थाना अंतर्गत खजरी खिरिया बाईपास पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने स्कूटी सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. स्कूटी डंपर के नीचे फंस गई और सड़क पर काफी दूर तक घिसटती चली गई. स्कूटी और डंपर दोनों में भीषण आग लग गई. दिल दहला देने वाले सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. माढ़ोताल के शंकर नगर का रहने वाला अजीत चौधरी रात करीब दो बजे अपनी स्कूटी से जा रहा था. इसी दौरान बाईपास पर पीछे से आ रहे डंपर ने उसे रौंद दिया. टक्कर के बाद स्कूटी डंपर के अगले हिस्से में लॉक हो गई. डंपर चालक ने गाड़ी रोकने के बजाय उसे भगाने का प्रयास किया.

## आईपीएल की तर्ज पर शिवपुरी क्रिकेट प्रीमियर लीग का 12 से होगा शुभारंभ

**20 टीमें लेंगी भाग, छोटे खां क्रिकेट अकादमी के द्वारा दिवंगत क्रिकेटरों की स्मृति किया जा रहा आयोजन, निखरेंगी क्रिकेट प्रतिभाएं**

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 8 जून।** जिला मुख्यालय पर एक बार फिर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिवंगत क्रिकेटरों की स्मृति को संजोते हुए वरिष्ठ क्रिकेटर छोटे खां के द्वारा छोटे खां क्रिकेट के तत्वावधान में 10 दिवसीय आईपीएल की तर्ज पर शिवपुरी प्रीमियर लीग(एसपीएल) का आयोजन 12 जून से किया जा रहा है। प्रतियोगिता के सभी मैच पोलो ग्राउण्ड खेल परिसर में खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में 20 टीमें भाग ले रही है जिसमें सभी मैच रंगीन ड्रेस में खेले जाएंगे और इन्हीं में से क्रिकेट की प्रतिभाऐं को निखारकर आगे लाया जाएगा।

बताना होगा कि क्रिकेट की प्रतिभाओं को निखारने के लिए बीते 44 वर्षों से वरिष्ठ क्रिकेटर छोटे खां के द्वारा शहर के पोलो ग्राउण्ड मैदान में नि:शुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है और इन्हीं क्रिकेटरों की टीम बनाकर आईपीएल की तर्ज पर शिवपुरी क्रिकेट प्रीमियर लीग टीम बनाकर प्रतिभाओं के प्रदर्शन को बाहर निकलने के लिए दिवंगत क्रिकेटरों की स्मृति को संजोते हुए टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। आईपीएल की तर्ज पर होने वाली शिवपुरी प्रीमियर लीग(एसपीएल) यह प्रतियोगिता 20 जून तक चलेगी जिसमें प्रतिदिन रंगीन ड्रेस मे सफेद लैदर बॉल के साथ तीन मैच खेले जाएंगे।

15 वर्ष तक की आयु के क्रिकेट खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नजर आएंगे जिनमें से उत्कृष्ट खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का कार्य छोटे खां क्रिकेट अकादमी के द्वारा किया जाएगा। प्रतियेगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मैडल व प्रशस्ति पत्र के साथ ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के इस आयोजन में सभी पुरस्कार भाजपा जिला महामंत्री लवलेश जैन चीनू के द्वारा जबकि खिलाड़ियों के लिए रंगीन ड्रेस पटेल एण्ड संस के संचालक यशपाल रावत-भूपेन्द्र रावत (अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती) के द्वारा वहीं सभी नौनिहाल क्रिकेटरों के लिए स्वल्पाहार एवं जल व्यवस्था का जिम्मा सहयोग स्वरूप भाजपा जिला उपाध्यक्ष हेमंत ओझा के द्वारा संभाला गया है।

**इन क्रिकेटरों की स्मृति को संजोया जाएगा**

वरिष्ठ क्रिकेटर छोटे खां के द्वारा बताया गया कि अंचल शिवपुरी के वह क्रिकेट खिलाड़ी जिनके खेल ने लोगों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी, उन्हीं दिवंगत क्रिकेटरों की स्मृति को संजोते हुए इन नवोदित क्रिकेट खिलाडि़यों को भी बढ़ावा मिले इसे लेकर यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इन दिवंगत क्रिकेटरों खिलाडि़यों में अनुपेन्द्र सिंह माटा, हमीद खान, पवन कुशवाह, शदाकत अली, बृजेन्द्र बम्बईया, अजय कोड़े, भगवत शर्मा, विक्रम सांठे, मनीष गोयल काका, दुर्गेन्द्र चौहान, राकेश जैन प्रेम स्वीट्स के रूप में सभी नवोदित खिलाडि़यों के नाम पर क्रिकेट टीम का नाम रखा जाएगा और सभी के बीच आपस में प्रतियोगिता कर खिलाड़ियों की प्रतिभा को इस टूर्नामेंट के माध्यम से प्रोत्साहित करते हुए निखारा जाएगा।

## गीता पब्लिक स्कूल में 11वीं व12वीं के छात्रों के लिए स्कॉलरशिप की घोषणा

**शिवपुरी, 8 जून।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे गीता पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स ने इस वर्ष भी कक्षा 12वीं सीबीएसई परीक्षा में शानदार रिजल्ट देकर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। स्टूडेंट्स की इस उपलब्धि से उत्साहित स्कूल प्रबंधन ने अब कक्षा 10वीं सीबीएसई के स्टूडेंट्स को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने हेतु विशेष स्कॉलरशिप योजना की घोषणा की है। स्कूल प्रबंधन व संचालक पवन शर्मा के अनुसार, कक्षा 10वीं सीबीएसई परीक्षा में 94 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी स्टूडेंट्स को स्कूल फीस में 70 प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जाएगी। इसी प्रकार 88 से 93 प्रतिशत अंक लाने वाले स्टूडेंट्स को 60 प्रतिशत फीस छूट का लाभ मिलेगा। वहीं 80 से 87 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को स्कूल फीस में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। एमपी बोर्ड हिंदी और इंग्लिश मीडियम के स्टूडेंट्स के लिए भी फीस में कंसेशन किया गया है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य स्टूडेंट्स को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करना तथा मेहनत और लगन से अध्ययन करने की प्रेरणा देना है। स्कूल प्रबंधन का यह मानना है कि ऐसी योजनाएं स्टूडेंट्स में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करती हैं और उन्हें बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए प्रेरित करती हैं। मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने के लिए यह स्कॉलरशिप योजना शुरू की गई है। स्कूल प्रबंधन को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में और अधिक स्टूडेंट्स उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपने भविष्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

## एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**भोपाल, 08 जून.** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 7 जून को आयोजित वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक, जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक भर्ती परीक्षा-2026 में कथित अनियमितताओं और अव्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने कर्मचारी चयन मंडल कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया. संगठन ने परीक्षा संचालन में हुई कथित लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई तथा प्रभावित अभ्यर्थियों को राहत प्रदान करने की मांग उठाई. प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार और भोपाल जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कर्मचारी चयन मंडल कार्यालय पहुंचकर संयुक्त परीक्षा नियंत्रक दिनेश अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा.

## परीक्षा रद्द : अभाविप ने किया प्रदर्शन




**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 08 जून. मप्र कर्मचारी चयन मंडल द्वारा वनरक्षक, जेल प्रहरी, सहायक जेल अधीक्षक और क्षेत्र प्रहरी भर्ती परीक्षा को स्थगित करने के मामले में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जमकर प्रदर्शन किया.**

विरोध में अभाविप के कार्यकर्ताओं ने कर्मचारी चयन मंडल की बिल्डिंग के बाहर एकत्रित होकर प्रदेश सरकार और मंडल प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की. अभाविप के कार्यकर्ताओं ने कहा कि परीक्षा रद्द होने से हजारों परीक्षार्थियों को भारी मानसिक पीड़ा, समय की बर्बादी और आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है. छात्र वर्षों तक इसके लिए कठिन परिश्रम करते हैं. ऐसे संवेदनशील मामलों में सर्वर फेलियर जैसी तकनीकी विफलता के कारण परीक्षा का रद्द होना एक गंभीर अपराध है.

अभाविप मध्यभारत प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने प्रदर्शन के दौरान चेतावनी दी, कि अंतिम क्षणों में परीक्षा का रद्द होना दुर्भाग्यपूर्ण है. बता दें अभाविप ने प्रदर्शन के दौरान मांग की है कि सर्वर की इस गंभीर खामी की जांच के लिए तत्काल एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाए. जिससे इस विफलता के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और तकनीकी साझेदारों को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई हो सके.

## एक नजर में

### सत्यम बने गहोई वैश्य नवयुवक मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



दिनारा, 8 जून। गहोई वैश्य नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सत्यम नीखरा (एस के गुरु) को अखिल भारतीय गहोई वैश्य नवयुवक मंडल का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस गौरवपूर्ण पद का भव्य शपथ ग्रहण समारोह 7 जून को भोपाल के आकाश रिट्रीट गार्डन में गरिमामयी माहौल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में देश भर से आए समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में उन्होंने पद की शपथ ली। सत्यम नीखरा ने इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अखिल भारतीय स्तर पर युवाओं को एकजुट करने और सामाजिक विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। सत्यम नीखरा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने की घोषणा होते ही दिनारा गहोई वैश्य नवयुवक मंडल के सभी साथियों, स्थानीय वरिष्ठ समाजसेवियों, मित्रों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है।



### संतोषरूपी धन है वही मनुष्य सुखी हो सकता है : बृजभूषण महाराज

**बदरवास, 8 जून।** अनंतपुर गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिवस रुक्मिणी विवाह उत्सव पर आचार्य बृजभूषण महाराज ने बताया की जिसके पास संतोष रूपी धन हैं वह मनुष्य हमेशा सुखी रहता है इसके विपरीत जो व्यक्ति संतुष्ट नहीं रहता उसको जितना धन मिलता जाता है वह उतना ही पाने को और लालायित होता जाता है और आशा करता जाता है ऐसा व्यक्ति उसके पास सब कुछ होते हुए भी दु :खी ही रहता है क्योंकि उस व्यक्ति की बुद्धि में यह भाव बना रहता है कि और धन मिल जाए और धन मिल जाए जबकि उसके पास जो है उसका आनंद वह भोग भी नहीं पाता इसलिए मनुष्य को चाहिए कि अपने जीवन में संतुष्ट रहना सीखें एवं आगे बढ़ने का प्रयास करें क्योंकि संसार में धन की आवश्यकता सिर्फ़ मनुष्य को है बाकी चौरासी लाख योनियों में और किसी भी जीव को धन को आवश्यकता नहीं पड़ती, क्या वह जीव जंतु सुखी नहीं रहते, क्या वह खाते नहीं है, क्या वह सोते नहीं है, सब कुछ करते हैं परंतु मनुष्य के मन में धारणा बन चुकी है कि धन के अलावा वह जीवित ही नहीं रह सकता और यह धारणा उसके जीवन में सबसे बड़ा दुख का कारण है। आचार्य ने कथा प्रसंग में सुंदर रासलीला का वर्णन सुनाया और बताया कि रासलीला भगवान की अद्भुत लीला थी गोपियों को प्रसन्न करने के लिए ही इसको किया। भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी जी के साथ अपना प्रथम विवाह संपन्न किया। कथा प्रजापति परिवार द्वारा 3 से 10 जून तक किया जा रहा है।

## मध्यप्रदेश में पड़ने लगी राहत की फुहारें

**43 डिग्री पार खजुराहो में पारा**

**पचमढ़ी में सबसे सर्द रात**



**भोपाल, 08 जून. प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है. सोमवार को राज्य के कई हिस्सों में तेज आंधी के साथ वर्षा हुई. जिससे तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला शुरू हो गया है.**

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान भोपाल, इंदौर, उज्जैन, रीवा और जबलपुर संभागों के जिलों में कहीं-कहीं बौछारें पड़ी हैं. इस दौरान चंबल संभाग में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी कम रहा. वहीं प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान खजुराहो में 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान पचमढ़ी में 19.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है. आगामी दिनों में भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतुल, हरदा, जबलपुर और ग्वालियर सहित अनेक जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है.

साथ ही इन क्षेत्रों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी जारी की गई है.

**राजधानी में बौछारों से मिली राहत**

भोपाल जिले में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ वर्षा दर्ज की गई. जिसमें राजधानी में शाम साढ़े 6 बजे के बाद हुई बारिश में शहर के रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई. वहीं सोमवार का अधिकतम तापमान 38 .7 डिग्री सेल्सियस रहा. वहीं बैरागढ़, एयरपोर्ट क्षेत्र में झोंकेदार हवाओं की गति 43 किलोमीटर प्रति घंटे तक दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भोपाल, विदिशा, रायसेन और सीहोर जिलों में बादल छाए रहने के साथ तेज हवाएं चलने और बौछारें पड़ने की उम्मीद है. जिससे तापमान में और गिरावट आ सकती है.

## टीबी मुक्त पोहरी की दिशा में बड़ी पहल

## 20 गांवों के स्वयंसेवकों को मिला विशेष प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 8 जून।** क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने और स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकास संवाद संस्था द्वारा 'एड अमेरिका' के सहयोग से संचालित टीबी निवारण परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को विकास संवाद कार्यालय, पोहरी में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 गांवों से आए स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण शिविर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चला जिसमें स्वयंसेवकों को टीबी रोग की पहचान, उपचार, रोकथाम एवं जनजागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में भोपाल से आईं आरती पाराशर, एसटीएस धर्मेन्द्र गुप्ता तथा जिला समन्वयक अजय यादव ने प्रशिक्षण दिया और स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। जिला समन्वयक अजय यादव ने बताया कि परियोजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी मरीजों की समय पर पहचान सुनिश्चित करना तथा बीमारी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों और अंधविश्वासों को दूर करना है। प्रशिक्षित स्वयंसेवक अपने-अपने गांवों में जाकर लोगों को टीबी के लक्षण, उपचार और बचाव के प्रति जागरूक करेंगे तथा संभावित मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में सहयोग करेंगे।

उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत केवल बीमारी की रोकथाम ही नहीं, बल्कि मरीजों और उनके परिवारों के पोषण स्तर को सुधारने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए ग्रामीणों को पोषण वाटिका विकसित करने और मुर्गी पालन जैसी आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जाएगा, जिससे उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध हो सके और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि हो। प्रशिक्षण शिविर में मौजूद स्वयंसेवकों ने टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने और अपने गांवों में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने विश्वास जताया कि सामुदायिक सहभागिता और जनजागरूकता के माध्यम से क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।





